वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्थिक समीक्षा पेश करते हुए कही यह बात

उद्योग को प्रोत्साहन से रोजगार के मौके बढ़ेंगे

आर्थिक समीक्षा

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में आर्थिक समीक्षा पेश करते हुए कहा कि अन्य सेवाप्रदाता (ओएसपी) नियमों में ढील और दूरसंचार क्षेत्र के सुधारों सहित विभिन्न नीतिगत कदमों से आईटी सेवा क्षेत्र की वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा और बड़ी संख्या में रोजगार के मौके तैयार होंगे।

आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि आईटी-बीपीएम क्षेत्र की आय 2020-21 के दौरान 194 अरब डॉलर तक पहुंच गई। समीक्षा में कहा गया कि इस क्षेत्र में वृद्धि तथा नवाचार का अगला स्तर देखने को मिलेगा। नए मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि सरकार ने जरूरी क्षेत्रों को सहारा देने की जरूरत पर फोकस किया है। वहीं, प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल ने कहा कि भारत की रणनीति अब आयात आधारित नहीं रहेंगी बल्कि आत्मनिर्भरता की तरफ आगे बढ़ेंगीं।

75 कंपनियों ने आईपीओ से 89,066 करोड़ जुटाए: शेयर बाजार में अप्रैल-नवंबर 2021 के दौरान 75 कंपनियों ने आईपीओ से 89,066 करोड़ रुपये जुटाए। आर्थिक समीक्षा के अनुसार यह संख्या पिछले एक दशक के दौरान आईपीओ से किसी भी वर्ष में जुटाई गई कुल रकम से बहुत अधिक है।

14. गीगाबाइट मासिक हो गया इंटरनेट डेटा का उपयोग तीन साल में बढ़कर

194 अरब डॉलर पहुंची आईटी बीपीएम क्षेत्र की आय 2020-21 में बढ़कर



मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन, प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल ने आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। • सोनू मेहता

फेड के झटके से उबर जाएगा भारत

भारत 630 अरब डॉलर से अधिक के विदेशी मुद्रा भंडार और हालात से निपटने के लिए पर्याप्त नीतिगत गुंजाइश होने से फेडरल रिजर्व समेत विदेशी केंद्रीय बैंकों के मौद्रिक नीतिगत कदमों का बखूबी सामना कर सकता है। आर्थिक समीक्षा में अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व और अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीतियों के साथ तालमेल बिठाने के लिए भारत की मौद्रिक स्थिति को उपयुक्त बताया गया। इसके मुताबिक, विदेशी मुद्रा का बड़ा भंडार इकट्ठा होने और कुल बाह्य ऋण एवं अल्पावधि ऋण के अनुपात में विदेशी मुद्रा भंडार जैसे संकेतकों ने 2013-14 की तुलना में चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भी काफी सुधार है।

आर्थिक समीक्षा में उत्साहजनक तस्वीर के बावजूद हमें इस तथ्य से सावधान रहने की जरूरत है कि विकसित हो रहे भू-राजनीतिक विकास और तेल की कीमतों पर उनके प्रभाव का असर पड़ सकता है। -**संजीव मेहता**, अध्यक्ष, फिक्की

जमाकर्ताओं को 1500 करोड़

आर्थिक समीक्षा 2021-22 के मुताबिक चूककर्ता बैंकों के 1.2 लाख से अधिक जमाकर्ताओं को जमा बीमा एवं ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) ने 1,500 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

बैंकिंग क्षेत्र ने दिखाया दम

देश में बैंकिंग प्रणाली ने अब तक महामारी के आर्थिक झटके को अच्छी तरह से संभाला है। सर्वे के मुताबिक 31 दिसम्बर, 2021 तक के आंकड़ों में बैंक ऋण वृद्धि 9.2 प्रतिशत रही।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा, भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। क्र.सं.:- 01, निविदा सं0:- वमंविइं-टी आरडी-लजं0-ओटी-82, कार्य का नाम:- लखनऊ डिविजन के भाग-(A) सरयू-करनैलगंज सेक्शन में LC गेट सं0-284 तथा भाग-(B) गोण्डा-बुढ़वल सेक्शन के घाघरा घाट-जरवल रोड सेक्शन में online monitoring of rolling stock के लिए 10 KVA, 25 KV/230 V, 50 Hz Single Phase, LT सप्लाई